भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
09.08.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3294 का उत्तर

रेलवे में हाथ से मैला उठाना

3294. श्री एस. ज्ञानतिरावियम:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) **क्या सरकार ने रेलवे में हाथ से मैला उठाने का कार्य करने वाले सफाई कर्मियों के संबंध में कोई संज्ञान लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;**

(ख) **क्या सफाई कर्मियों को दस्ताने और सुरक्षात्मक उपकरण पहनना अनिवार्य है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;**

(ग) **क्या सफाई कर्मियों के लिए स्वच्छता जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों के दौरान आयोजित कार्यशालाओं की राज्य-वार संख्या कितनी है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और**

(घ) **क्या रेलगाड़ियों के शौचालयों और पटरियों को साफ करने के लिए किसी प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसका उपयोग करने वाली रेलगाड़ियों का ब्यौरा क्या है और इस प्रौद्योगिकी के माध्यम से कितने प्रतिशत पटरियों की सफाई की जाती है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?**

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

s.k

रेलवे में हाथ से मैला उठाने के संबंध में 09.08.2023 को लोक सभा में श्री एस. ज्ञानतिराविियम के अतारांकित प्रश्न सं. 3294 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ग): भारतीय रेल में हाथ से सफाई का कोई कार्य नहीं किया जा रहा है।

(घ): प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर स्टेशन/प्लेटफार्म की सफाई संबंधी गतिविधियां आवश्यक जनशक्ति के साथ-साथ हाई प्रेशर वाले जेट, यंत्रीकृत फ्लोर स्क्रबर, वॉक बिहाइन्ड ऑटोमेटिक स्क्रबर ड्रायर, बैटरी चालित राइड ऑन स्क्रबर, वैक्यूम क्लीनर, फ्लिपर्स, वेट एण्ड ड्राई वैक्यूम क्लीनर आदि का उपयोग करके यंत्रीकृत साधनों के माध्यम से की जाती हैं। जहां भी, प्लेटफॉर्म ट्रैक पर कंक्रीट वॉशिवल एप्रन मुहैया कराया गया है, उसकी जब भी आवश्यक होता है, वॉटरजेट से सफाई की जाती है।

भारतीय रेल प्रणाली के सभी यात्री सवारी डिब्बों में बायो शौचालय लगाए जाने से, रेलपथ पर कोई मानव अपशिष्ट नहीं गिरता है और बायो-टैंकों में मल को गैस में बदलने के लिए पर्याप्त माइक्रोब्स होते हैं और केवल शोधित जल का ही जमीन पर निस्तारण होता है। सवारी डिब्बों की बाहरी सफाई स्वचालित सवारी डिब्बा धुलाई संयंत्र (एसीडब्ल्यूपी) में उत्तरोतर की जाती है। सवारी डिब्बों की आंतरिक सफाई के लिए हैंडहेल्ड स्क्रबिंग मशीनों, वैक्यूम क्लीनर के साथ उचित उपकरणों का उपयोग किया जाता है। शौचालयों की सफाई निर्धारित रसायनों के साथ उच्च दबाव वाले जेट का उपयोग करके की जाती है।

****

s.k